दिनांक 7 अगस्त 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पावर हाउस, सर्कुलर मार्केट एवं अंदरूनी बाजार से पकड़े गए आवारा पशु, मार्केट में बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर जोन आयुक्त ने व्यापारियों के साथ बाजार में ही की बैठक, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने निरीक्षण के दौरान मार्केट को सुव्यवस्थित करने के दिए थे निर्देश

भिलाई नगर/ कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के पावर हाउस , सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मंडी एवं फल मंडी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाजार के अंदरूनी इलाकों में भी रोका छेका का अभियान के तहत आवारा पशुओं की धरपकड़ के निर्देश दिए थे, वहीं उन्होंने मार्केट क्षेत्र को व्यवस्थित करने व्यापारियों से चर्चा भी की थी तथा इसी संबंध में अन्य कार्य योजनाओं को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक लेने निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में दूसरे दिन ही रोका छेका अभियान चलाकर 28 आवारा पशुओं को पकड़कर गौठान भेजा गया। वही आवारा पशुओं के धरपकड़ के लिए संसाधनों को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है , ताकि अलग एरिया से आवारा पशुओं को पकड़ा जा सके। कलेक्टर के निर्देश के बाद एंप्लॉयमेंट भवन के पास की बंद पड़ी लाइट को निगम ने त्वरित रूप से चालू कर दिया है , वहीं व्यापारियों के लिए वाहनों की पार्किंग करने ओवर ब्रिज के नीचे व्यवस्था की जा रही है,अस्थाई पार्किंग तैयार हो चुका है , इस बाबत वाहनों को सुव्यवस्थित रखने के लिए मुनादी भी कराई जा रही है तथा समान बढ़ाकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को भी अपने समान दायरे में रखकर विक्रय करने सूचना लगातार दी जा रही है, इसके बाद भी नही मानने वालो पर कार्यवाही की जाएगी। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर की जोन आयुक्त येशा लहरें ने पावर हाउस मार्केट में व्यापारियों के साथ बैठक की, मार्केट को सुव्यवस्थित बनाने को लेकर व्यापारी संघ एवं निगम के बीच सार्थक चर्चा हुई , किस प्रकार से मार्केट को सुव्यवस्थित करने पर क्रियान्वयन किया जा सकता है इस पर प्लान तैयार कर अमल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पावर हाउस का सर्कुलर मार्केट , फल मार्केट, सब्जी मार्केट एवं जवाहर मार्केट का क्षेत्र शहर का सबसे प्रमुख मार्केट है जोकि नेशनल हाईवे से बिल्कुल लगा हुआ है , यह मार्केट अपने पहचान के चलते लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है जिसे सुव्यवस्थित बनाने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर निगम और व्यापारी मिलकर कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करेंगे , जल्द ही इसके लिए निगम और पावर हाउस के दुकानदारों के मध्य तीसरी बैठक होने वाली है।